तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 24 मार्च 2026

10 पानी की गुणवत्ता जांच कर बताया, ग्रामीणों ...



11 217 बटालियन में हुई रंगारंग प्रस्तुतियां





## नवरात्रि विशेष



### षष्ठम: कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में मर्हिष कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने -अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है। भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंदहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।

# नालंदा परिसर के निर्माण से बस्तर के विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में मिलेगी बेहतर सुविधाएं : केदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय परिसर में प्रस्तावित नालंदा परिसर का भूमिपूजन सोमवार को वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव द्वारा किया गया। नालंदा परिसर का निर्माण लगभग 11 करोड़ 59 लाख की लागत से किया जाएगा । जिसमे 500 सीटर बैठक व्यवस्था, 24 घंटे सातों दिन पढ़ने, वाई फाई, पार्किंग और गार्डन की सुविधा रहेगी । इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि नालंदा परिसर के निर्माण से बस्तर के छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के 14 नगर निगम क्षेत्रों में ऐसे परिसर बनाए जा रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक अध्ययन सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने युवाओं से समय का सदुपयोग करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का आह्वान किया। विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को ⏭ शेष पेज 10 पर

## युवा यहां पढ़ाई कर तय करेंगे अपना भविष्य : देव



### छात्र-छात्राएं 24 घंटे कर सकेंगे पढ़ाई

देव ने कहा कि युवा भारत के नींव है। बस्तर के युवा नालंदा परिसर में पढ़ाई कर अपना भविष्य खुद तय करेंगे। उन्होंने कहा कि प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय विश्व की ख्यातिप्राप्त संस्था रही है और इसी अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए नालंदा परिसर का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जिसके तहत प्रदेश के विभिन्न निकायों में निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि यह परिसर बस्तर के छात्रों की बहुप्रतीक्षित मांग थी, जहां विद्यार्थी 24 घंटे अध्ययन कर सकेंगे और अपने भविष्य को संवार सकेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने निर्माण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने पर जोर दिया। वहीं पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन एवं प्रोफेसर अली ने भी अपनी बात रखी।

लॉज में पुलिस की रेड 22 जुआरियों से 2 लाख नकद व 11 लाख की संपति जब्त

# कोंटा के लॉज में सजा था जुए का फड़, 3 स्टेट के 22 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सुकमा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कोंटा ब्लॉक मुख्यालय के एक लॉज में रेड कार्रवाई करते हुए तीन स्टेट के 22 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों के कब्जे से 2 लाख से अधिक नगद व 11 लाख से अधिक की संपति जब्त किया गया है। एसपी किरण चव्हाण द्वारा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश जिले के सभी थाना प्रभारियों को दिया गया था। इसी के तहत कोंटा में जुए की सूचना मिलने पर एसपी के निर्देश पर कार्रवाई करने विशेष पुलिस टीम गठित किया गया था। टीम कोंटा के आरएसएन लॉज में रेड कार्रवाई करते हुए लॉज मालिक समेत 22 अंतर्राज्यीय जुआरियों को रंगे हाथ जुआ खेलते पकड़ने में सफल रही। पुलिस को सूचना मिली थी कि लॉज के कमरे में कुछ व्यक्ति रुपये-पैसे का दांव लगाकर ताश पत्ती से जुआ खेल रहे हैं। रेड कार्यवाही के दौरान 22 जुआरियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से 2 लाख 2 सौ रूपए नगद के अलावा 122 गड्डी ताश पत्ती, 108 खुले पत्ते, 18 मोबाइल फोन, 2 पेन, एक रजिस्टर, एक चादर, चार पहिया वाहन सेल्टास, स्कूटी वाहन व अन्य सामान जब्त किया गया है। जब्त संपति की अनुमानित कीमत 11 लाख 50 हजार 2 सौ रूपए आंका गया है। पकड़े गए आरोपी में अधिकांश तेलंगाना एवं आंध्रप्रदेश राज्य के निवासी हैं जो आरएसएन लॉज में लॉज मालिक के साथ एकत्रित होकर ताश के माध्यम से जुआ खेल रहे थे। पुलिस द्वारा मौके पर ही सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर थाना कोंटा में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 4 एवं 5 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

■ विशेष टीम ने जुआ अधिनियम के तहत की कार्रवाई



### पकड़े गए जुआरियों में यह शामिल

गिरफ्तार आरोपियों में लॉज मालिक आर मुरली निवासी पुराना बस स्टैंड कोंटा के अलावा केसी शेखर निवासी श्रीनगर कॉलोनी कोत्तागुडेम, तेलंगाना, एम रामकृष्णा निवासी कुनावरम, थाना कुनावरम, जिला पोलावरम आंध्रप्रदेश, पी सत्तीबाबू निवासी एलसी रेड्डी पल्ले, पिनपाका मंडल तेलंगाना, देशु राजेश निवासी भद्राचलम जिला भद्राद्री कोत्तागुडेम तेलंगाना, सीएच प्रताप निवासी पंचायत ऑफिस के पास, कुनावरम आंध्रप्रदेश, एच रामू निवासी बस स्टैंड कुनावरम आंध्रप्रदेश, बाला वेंकटेश्वर राव निवासी भगवंदास कॉलोनी, भद्राचलम तेलंगाना, के मुरली कृष्णा निवासी बस स्टैंड के पास कुनावरम आंध्रप्रदेश, रामकृष्णा रेड्डी निवासी सारापाका बुरगमपाड मंडल तेलंगाना, जी श्रीनु निवासी गोल्लागट्टा, एटापाका मंडल, आंध्रप्रदेश, के साई बाबू निवासी टेकलबोरा कॉलेज रोड, कुनावरम आंध्रप्रदेश, चलपति राव निवासी चिंतूर आंध्रप्रदेश, सय्यद इकबाल निवासी चेरला पोस्ट, जिला भद्राद्री कोत्तागुडेम तेलंगाना, पी नरसिंहाराव निवासी तलाडा तेलंगाना, पी श्रीनिवास निवासी नरसिंहरावपेट जिला खम्मम तेलंगाना, शेख महबूब अली निवासी तलाडा तेलंगाना, एस श्रीनिवास प्रसाद निवासी कुनावरम जिला पोलावरम आंध्रप्रदेश, कांता राव निवासी चिंतूर आंध्रप्रदेश, टी बाबजी निवासी जगदीश कॉलोनी, भद्राचलम तेलंगाना, नरसा रेड्डी निवासी यूबी रोड भद्राचलम, थाना बुरगमपाड तेलंगाना तथा बी नंदू निवासी इलंदु जिला कोत्तागुडेम तेलंगाना शामिल है।

# झीरम के शहीदों के अपमान पर कांग्रेस का फूटा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




राजीव भवन में प्रेसवार्ता में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने झीरम घाटी के शहीद स्मारक में हुई तोड़फोड़ की घटना को निंदनीय बताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त एक्शन की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। उन्होंने बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में पदाधिकारियों द्वारा झीरम घाटी स्थित शहीद स्मारक का निरीक्षण किया गया, जहां शहीद महेंद्र कर्मा और नंदकुमार पटेल की तस्वीरें खंडित अवस्था में पाई गईं। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पहले स्मारक की साफ-सफाई की और क्षतिग्रस्त तस्वीरों को सम्मानपूर्वक व्यवस्थित किया। इस घटना को उन्होंने शहीदों की गरिमा और उनकी स्मृति का अपमान बताया। उन्होंने कहा दरभा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है तथा अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर की मांग की गई है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था लगातार कमजोर हो रही है और अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं, जिससे अब शहीदों के स्मारक भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं। पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने भी घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि शहीदों के सम्मान के साथ इस प्रकार का व्यवहार अत्यंत शर्मनाक है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस दौरान पार्षद गौतम पाणिग्रही, जस्टिन भवानी, बोमड़ा मंडावी, मोहसिन खान सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

■ दोषियों पर सख्त एक्शन हो नहीं तो उग्र आंदोलन की चेतावनी



## खबर संक्षेप



### कुपोषण मिटाने के नाम पर सड़ा–गला गुड़ बांट जा रहा

**कोण्डागांव।** मधुर गुड़ योजना में आम जनता को फंगस से भरा, सड़ा–गला गुड़ बांटा जा रहा है। लोगों का कहना कि कि गुड़ के टुकड़ों पर सफेद फफूंदी जमी हुई है। लोगों के स्वास्थ्य के साथ खुला खिलवाड़ कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि कुपोषण दूर करने के नाम पर उन्हें बीमार करने वाला गुड़ दिया जा रहा है। कई ग्रामीणों ने इसे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। विशेषज्ञों के अनुसार, फंगस लगा गुड़ खाना गंभीर बीमारियों को न्योता देना है। इससे फूड पॉइजनिंग, पेट संक्रमण और एलर्जी जैसी समस्याएं हो सकती हैं खासतौर पर बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह बेहद खतरनाक है। इसकी जांच कराई जानी चाहिए।

### खेल-खेल में बच्चों को कराया स्कूली वातावरण से परिचय



**कोण्डागांव।** महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में 'बाल मैत्री बडी–बडी कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी बच्चों को विद्यालयों का भ्रमण कराया जा रहा है। इस पहल के अंतर्गत कोंडागांव परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को नजदीकी प्राथमिक विद्यालयों में ले जाकर वहां के वातावरण, कक्षाओं और शिक्षकों से परिचित कराया गया। भ्रमण के दौरान बच्चों के लिए विभिन्न खेल एवं शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिससे वे आनंद के साथ सीख सकें और स्कूल के माहौल में घुल–मिल सकें। यह कार्यक्रम विशेष रूप से 4 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को ध्यान में रखते हुए संचालित किया जा रहा है, ताकि वे आगामी शाला प्रवेश के लिए मानसिक रूप से तैयार हो सकें। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के मन से स्कूल का डर दूर कर उन्हें सहज और सकारात्मक वातावरण देना है, जिससे वे उत्साह के साथ स्कूल जीवन की शुरुआत कर सकें।

# जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर जामगांव में आयोजित, मिले 179 आवेदन

## ग्रामीणों को योजनाओं की दी जानकारी, दिव्यांगजनों को मिली सहायक सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जनपद पंचायत फरसगांव अंतर्गत ग्राम जामगांव में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

शिविर में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति रही। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। साथ ही साइबर सुरक्षा को लेकर भी जागरूक किया गया। जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामवासियों से कुल 179 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। शिविर में विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों ने खुशी जाहिर करते हुए शासन और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।




### राजस्व विभाग ने बांटे 59 डिजिटल किसान किताब कार्ड

*शिविर में राजस्व विभाग द्वारा 59 डिजिटल किसान किताब कार्ड वितरित किए गए। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 आयुष्मान कार्ड, शिक्षा विभाग द्वारा 15 जाति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मत्स्य विभाग द्वारा 02 मछली जाल, कृषि विभाग द्वारा 20 किसानों को उड़द बीज वितरित किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने 06 जॉब कार्ड और श्रम विभाग ने 14 श्रम कार्ड वितरित किए। समाज कल्याण विभाग द्वारा 02 बैसाखी, 04 व्हीलचेयर एवं 02 श्रवण यंत्र दिव्यांगजनों को प्रदान किया गया।*

## जल जीवन मिशन के तहत महोत्सव पखवाड़ा 2026 का समापन

# पानी की गुणवत्ता जांच कर बताया, ग्रामीणों को वर्षा जल संचयन व विवेकपूर्ण उपयोग की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 8 मार्च से 22 मार्च तक आयोजित जल महोत्सव पखवाड़ा 2026 का समापन विश्व जल दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत साल्हेभाट में "जल अर्पण" कार्यक्रम के साथ किया गया।

- विश्व जल दिवस पर "जल अर्पण" कार्यक्रम के साथ हुआ आयोजन

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष हीरा नेताम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं भारत सरकार पेयजल मंत्रालय के उप सचिव उमेश कुमार भारद्वाज सहित अन्य विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने की।

कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी, रंगोली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया गया। हितग्राहियों ने स्वच्छ पेयजल और किचन गार्डन से जुड़े अपने अनुभव साझा किए।



### केंद्रीय जलशक्ति मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से किया सीधा संवाद




विश्व जल दिवस के अवसर पर ग्राम साल्हेभाट में आयोजित जल अर्पण कार्यक्रम के दौरान 'सुजल संवाद' के पांचवें संस्करण में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री वी. सोमन्न ने ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों से सीधा संवाद किया। संवाद के दौरान सरपंच, नल–जल मित्रें एवं ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों से जल जीवन मिशन के तहत मिल रहे लाभ, योजना के संचालन एवं संधारण, यूजर चार्ज संग्रहण और जल गुणवत्ता परीक्षण की जानकारी ली गई। जल बहिनियों द्वारा फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से किए जा रहे जल गुणवत्ता परीक्षण की प्रक्रिया पर चर्चा की गई और इसे और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए।अधिकारियों ने जल स्रोतों के संरक्षण, सामुदायिक सहभागिता और योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर देते हुए ग्रामीणों की सक्रिय भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना से जिले में जल जीवन मिशन की प्रगति और आगामी कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई।

### जल गुणवत्ता परीक्षण का लाइव प्रदर्शन

जल बहिनियों द्वारा फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल गुणवत्ता जांच का लाइव प्रदर्शन किया गया। साथ ही जल स्रोत, नल कनेक्शन, टंकी एवं क्लोरीनेटर का "जल बंधन" कर पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को वर्षा जल संचयन, जल के विवेकपूर्ण उपयोग और जल शुल्क के नियमित भुगतान के लिए शपथ दिलाई गई।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान

वीडब्ल्यूएससी सदस्यों, जल बहिनियों एवं सरपंच को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**योजना का औपचारिक हस्तांतरण**

समापन अवसर पर अधिकारियों द्वारा योजना से संबंधित जानकारी देते हुए मासिक बिल बुक, संचालन एवं संधारण नीति तथा पाइपलाइन मानचित्र पंचायत को सौंपकर योजना का औपचारिक हस्तांतरण किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, जल बहिनियां, नल–जल मित्र और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाया।

# बस्तर कमिश्नर ने मसोरा में 'हेलमेट बैंक' का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर संभाग के कमिश्नर डोमन सिंह ने शुक्रवार को कोंडागांव विकासखंड के ग्राम मसोरा में संचालित हेलमेट बैंक का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में यह एक सराहनीय पहल बताते हुए अन्य स्थानों में भी हेलमेट बैंक का विस्तार करने के निर्देश दिए। इस अभियान के अंतर्गत जिन व्यक्तियों के पास हेलमेट नहीं होता, वे यहाँ से स्वैच्छिक रूप से 10 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से हेलमेट लेकर यात्रा कर सकते हैं और उपयोग के बाद उसे पुनः पंचायत में जमा कर देते हैं, जिससे अन्य लोग भी इसका लाभ उठा सकें। यह पहल ग्रामीणों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा हेलमेट के उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। जिले में मसोरा के अलावा ग्राम बनियागांव, मर्दापाल, मांझी आठगांव, लंजोड़ा, अनंतपुर, मस्सूकोकड़ा, माकड़ी और बड़े राजपुर में हेलमेट बैंक की शुरुआत की गई है।

- सड़क सुरक्षा की दिशा में जिले में हेलमेट बैंक की अभिनव पहल

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम अजय उरांव, तहसीलदार मनोज रावटे, जनपद पंचायत सीईओ उत्तम महोबिया, गांव की सरपंच श्रीमती सुकली बाई मरकाम सहित उपसरपंच एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# 84.23 करोड़ का हुआ लेनदेन, ग्रामीणों को मिल रही बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के ग्रामीण क्षेत्रें में डिजिटल सेवाओं को सुलभ बनाने के लिए संचालित अटल डिजिटल केंद्र ग्रामीणों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहे हैं। इन केंद्रों के माध्यम से अब लोगों को बैंकिंग और शासकीय सेवाएं गांव में ही उपलब्ध हो रही हैं।

अटल डिजिटल केंद्रों के जरिए ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाएं, बिजली बिल जमा, डीटीएच रिचार्ज, महतारी वंदन योजना की राशि आहरण, श्रम कार्ड सेवाएं, डिजी–पे के माध्यम से भुगतान तथा वाहन व स्वास्थ्य बीमा जैसी सुविधाएं मिल रही हैं। इससे शहर जाने की जरूरत कम हुई है और समय व खर्च दोनों की बचत हो रही है। जिले में अब तक 2,78,083 ट्रांजेक्शन किए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से 84 करोड़ 23 लाख 23 हजार 76 रुपये का लेनदेन हुआ है। यह आंकड़े ग्रामीण क्षेत्रें में डिजिटल सेवाओं के बढ़ते उपयोग को दर्शाते हैं।




### 260 ग्राम पंचायतों में सेवा का विस्तार

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना एवं जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई के अनुसार जिले की 260 ग्राम पंचायतों में वीएलई के साथ एमओयू कर सेवाओं का विस्तार किया गया है, जिससे अधिक से अधिक ग्रामीणों तक सुविधाएं पहुंच रही हैं। प्रति वीएलई प्रति माह 136 ट्रांजेक्शन और 4,10,889 रुपये के लेनदेन के साथ कोंडागांव जिला राज्य में प्रथम स्थान पर है, जो डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में बड़ी उपलब्धि है।

# ग्रामीणों को साइबर ठगी से बचाव के बताए उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



पुलिस ने सोमवार को साप्ताहिक बाजार में चलित थाना लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। थाना प्रभारी चन्द्रशेखर श्रीवास ने बाजार में पहुंचे ग्रामीणों को साइबर ठगी के प्रति जागरूक करते हुए उससे बचाव के उपाय बताए। साथ ही महिला एवं नाबालिग बालक-बालिकाओं से संबंधित अपराधों के बारे में भी जानकारी दी गई। ग्रामीणों को समझाइश दी गई कि गांव में कोई भी अज्ञात व्यक्ति घूमता हुआ दिखाई देने पर तत्काल थाना में सूचना दें। इसके अलावा किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना ओटीपी या एटीएम कार्ड की जानकारी साझा न करने की सलाह दी गई। यातायात नियमों के पालन पर जोर देते हुए वाहन चालकों को कार चलाते समय सीट बेल्ट और बाइक चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की समझाइश दी गई। पुलिस ने बाजार में आए लोगों को यह भी समझाइश दी कि फोन पर मिलने वाले झूठे प्रलोभनों से सतर्क रहें, क्योंकि ऐसे कॉल के माध्यम से रोजाना कई लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। इसलिए इस प्रकार के संदिग्ध फोन कॉल से दूर रहने की भी सलाह दी गई।

# तीन दिवसीय ओशो ध्यान शिविर 2 अप्रैल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



बढ़ते तनाव, भागदौड़ भरी जीवनशैली और बीपी–शुगर जैसी बीमारियों के बीच मानसिक शांति और स्वास्थ्य के उद्देश्य से 2 अप्रैल से शहर में तीन दिवसीय ओशो ध्यान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर मर्दापाल रोड स्थित होटल आसमती फॉरेस्ट डिपो के आगे आयोजित होगा।

शिविर में प्रतिभागियों को डायनेमिक मेडिटेशन, कुंडलिनी ध्यान, नाद ब्रह्म ध्यान अन्य आधुनिक ध्यान विधियाँ सिखाई जाएंगी, जिससे मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन प्राप्त हो सके। आयोजकों के अनुसार, आधुनिक जीवनशैली में बढ़ती तनाव, पारिवारिक समस्याएं और आत्मीयता की कमी को दूर करने के लिए यह शिविर आयोजित किया जा रहा है, ताकि लोग स्वस्थ और संतुलित जीवन जी सकें।

### गुजरात से आएंगी मुख्य मार्गदर्शक

शिविर का संचालन गुजरात से मां संगीता के मार्गदर्शन में किया जाएगा। उनके साथ विभिन्न शहरों रायपुर, भिलाई, बिलासपुर, धमतरी और बालोद से ओशो संन्यासी भी शामिल होंगे। ध्यान शिविर का आयोजन ओशो मित्र मंडल, जिला कोंडागांव द्वारा किया जा रहा है। आयोजन में मन्नुलाल चतुर्वेदी, गोपाल टंडन, मां पंचवती मार्कंडेय, स्वामी चंद्रेश कुमार, स्वामी दिनेश कौशल सहित अन्य सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। यह शिविर लोगों को आत्मज्ञान, मानसिक शांति और स्वस्थ जीवन की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगा।

# राज्य स्तरीय मानस सम्मेलन में 17 मंडलियां लेंगी भाग



**केशकाल।** राज्य स्तरीय मानस गान सम्मेलन 3, 4 व 5 अप्रैल के लिए बैठक शिव मंदिर ब्लाक कॉलोनी में सम्पन्न हुई। सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि तीन दिवस तक 17 मंडलियां भाग लेंगी। आयोजन समिति के महेश ताराम, रामेश्वर बघेल, गिरधर पाण्डेय, सतीश यादव, मुकेश ला वत्रे, श्रीमती जासन बाई, जमुना बघेल, कमला नेताम, श्रीमती वेद्व व्यास, श्रीमती सोम आदि उपस्थित रहे। संयोजक लोकेश गायकवाड़ ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने की अपील गई।

साइबर सेल दंतेवाड़ा एवं थाना बचेली की संयुक्त कार्यवाही

# झारखण्ड के कोडरमा से आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



बचेली निवासी से पिछले साल 15 मार्च 2025 से 18 जून 2025 के मध्य टास्क पूरा करने पर राशि डबल करने के नाम पर मोबाईल नंबर के धारको द्वारा कुल 7,91,547 रुपए की धोखाधड़ी की गई थी। रिपोर्ट पर थाना बचेली में अपराध क्रमांक- 29/2025 धारा 318(4), 111(1)(3) बीएनएस, 66 (डी) आई.टी.एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन एनालिसिस एवं साइबर फॉरेंसिक टूल्स का उपयोग कर आरोपी मुकेश कुमार सिंह 51 वर्ष निवासी जयनगर जिला कोडरमा झारखण्ड तक पुलिस टीम पहुंची। प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपी के कई अपराध में शामिल होने एवं छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक एवं उड़ीसा में उसके विरुद्ध कुल 16 अंतर राज्यीय साइबर शिकायत का पता चला। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। आरोपी के पास से मोबाईल 1, दो एटीएम कार्ड , 3 पैन कार्ड, 1 ड्राइविंग लाइसेंस और नगद राशि 10,000 जब्त की गई। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.के. बर्मन के मार्गदर्शन, साइबर सेल नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक ठाकुर गौरव सिंह के पर्यवेक्षण तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कमलजीत पाटले किरन्दुल के मार्गदर्शन में की गई। बचेली टीआई प्रहलाद कुमार साहू के नेतृत्व में संयुक्त टीम झारखण्ड व बिहार रवाना हुई थी। टीम के सदस्य सहायक उप निरीक्षक सोहन ठाकुर, आरक्षक मिथलेश पुजारी एवं गजेन्द्र ध्रुव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दंतेवाड़ा पुलिस ने लगातार नगरवासी व ग्रामीणों से सम्पर्क कर मोबाईल सायबर क्राईम संबंधी बैंकिंग फ्रॉड्स, सायबर ठगी, पार्ट टाईम-जॉब धोखाधड़ी, मोबाईल ओटीपी लिंक शेयर न करने इत्यादि सायबर क्राईम से बचने जानकारी दी जा रही है । तथा किसी प्रकार की फ्रांड होने पर तत्काल सायबर हेल्प लाईन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराने तथा पुलिस को सूचित करने हिदायत दी जा रही है।

# महंगाई के खिलाफ आप का धरना-प्रदर्शन



**जगदलपुर।** बढ़ती महंगाई के विरोध में आम आदमी पार्टी (आप) बस्तर जिला इकाई द्वारा गोल बाजार चौक में धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आम जनता को राहत देने की मांग उठाई। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पार्टी प्रदेश सह संगठन मंत्री समीर खान व अन्य नेताओं ने कहा कि महंगाई ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। रसोई गैस सिलेंडर, खाद्य सामग्री,फल एवं सब्जियों के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं,जिससे आम आदमी का घर चलाना कठिन होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुएं आम जनता की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। इस दौरान जिला अध्यक्ष दांती राम पोयम,शुभम सिंह,राकेश कश्यप, नारायण,अमित कश्यप,अस्तु, ईश्वर कश्यप सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## बीमा की जानकारी नहीं होने के बावजूद बैंक की पहल से परिजनों को मिला लाभ

# गरीब परिवारों के लिए संजीवनी बनी जीवन ज्योति बीमा योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव/केशकाल

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना आज आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं साबित हो रही है। इसका ताजा उदाहरण केशकाल क्षेत्र में देखने को मिला, जहां बैंक की सजगता से एक गरीब परिवार को 200000 रु की सहायता राशि प्राप्त हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, तेंदुभाटा निवासी खाताधारक सोमबत्ती जायसवाल का मार्च 2024 में बीमारी के चलते निधन हो गया था। परिवार को इस बात की जानकारी नहीं थी कि मृतका ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा पॉलिसी ले रखी थी। कुछ माह पूर्व मृतका के छोटे भाई सदानंद जायसवाल बैंक में खाता संबंधी जानकारी लेने पहुंचे। तभी बैंक कर्मचारियों ने उन्हें बीमा योजना के बारे में अवगत कराया। इसके बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर सोमवार को मृतका की माता एवं नॉमिनी अंगाराबत्ती जायसवाल को एसबीआई शाखा में बुलाकर 2 लाख रु का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक जीवन हेम्ब्रम ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना सरकार द्वारा प्रायोजित एक वार्षिक जीवन बीमा योजना है, जिसके अंतर्गत पॉलिसीधारक की मृत्यु होने पर उसके परिवार को 2 लाख रु का बीमा कवर दिया जाता है।




### चार लोगों को दी जा चुकी है मदद

शाखा प्रबंधक हेम्ब्रम ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 12 तथा 2025-26 में अब तक 4 हितग्राहियों के निधन के पश्चात उनके नामांकित परिजनों को 2-2 लाख रु की राशि प्रदान की जा चुकी है। यह योजना न केवल जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर रही है, बल्कि कठिन समय में उनके लिए संबल भी बन रही है। इस दौरान बैंक कर्मचारी संदीप चौहान, एसबीआई लाइफ इंश्युरेंस अधिकारी नीरज कुमार उपस्थित रहे ।

## पेज 9 के शेष

### नालंदा परिसर के....

काफी सुविधा होगी। नालंदा परिसर का निर्माण धरमपुरा क्षेत्र में हो आपके विधायक किरण देव लगातार प्रयासरत रहे। आने वाले पीढ़ी को शिक्षा क्षेत्र में लाभ होगा। उन्होंने कहा सरकार की मंशा है कि शिक्षा का स्तर बढ़ाना है।

ये रहे उपस्थित : कार्यक्रम में ब्रेवरेज कार्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, कलावती कसेर, त्रिवेणी रंधारी, पार्षद पूनम सिन्हा, संतोष गौर, श्याम सुंदर,बंसती समरथ, सुशील दत्ता, अविनाश श्रीवास्तव, समाज के हिड़मोराम मंडावी, मंगलू राम कश्यप, बसंत कश्यप मौजूद रहे। निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा ने स्वागत भाषण दिया।

## खबर संक्षेप

### सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ कन्या पूजन



**गीदम।** नवरात्रि पर्व के पंचमी तिथि के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में कन्याओं का पूजन कार्यक्रम विद्यालय में रखा गया। सभी कन्याओं का चरण धोकर पैर में आलता माहुर लगाकर तिलक, चंदन, अक्षत व पुष्प से कन्याओं का स्वागत किया गया। संसार के कल्याण व विद्यालय के बच्चों को सद्बुद्धि प्रदाय हेतु कन्या पूजन करके आशीर्वाद लिया गया। भारतीय संस्कृति के समस्त परंपराओं को विद्यालय परिवार द्वारा उत्सव की तरह मनाया जाता है। रामनवमी के दिन विद्यालय के भैया बहन शोभा यात्रा में आकर्षक झांकी बनाकर शामिल होते हैं। इस वर्ष भी विद्यालय के भैया बहनों द्वारा मनमोहक व आकर्षक झांकी भगवान राम, लक्ष्मण, जानकी, हनुमान का रूप धारण कर शोभायात्रा में शामिल होंगे व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

### किसानों की समस्याएं नजरअंदाज



**घाटलोहंगा।** इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण बघेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए राज्य सरकार, जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग पर सवाल उठाएं हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को नजरअंदाज कर वीआईपी दौरों पर ध्यान दिया जा रहा है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि जब भी वीआईपी का दौरा चित्रकोट में होता है, तब जलप्रपात में पानी की कमी नहीं रहती है। संघर्ष समिति का कहना है कि जब किसान सिंचाई के लिए पानी की मांग को लेकर जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग के पास बार-बार ज्ञापन देते हैं, तब उनकी सुनवाई नहीं होती।

### शैक्षणिक भ्रमण के लिए हरी झंडी दिखाकर रवानगी



**बीजापुर।** पीएम श्री योजना के अंतर्गत बीजापुर जिले में संचालित 5 पीएम श्री विद्यालय के मेधावी छात्रों एवं उत्कृष्ट शिक्षकों को एक्सपोजर विजिट के लिए स्पेस आवेदन केंद्र अहमदाबाद, गुजरात के लिए रवानगी किया गया। यह कार्यक्रम जिला कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन तथा जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

# सीआरपीएफ सी-17 बटालियन ने ग्रामीणों को दी सामग्री व दवाइयां

## सालातोंग में स्वास्थ्य शिविर व सिविक एक्सन प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



छत्तीसगढ़ सेक्टर के सीआरपीएफ महानिरीक्षक शालीन के मार्गदर्शन तथा राजेश पाण्डे पुलिस उप महानिरीक्षक परिचालन रेंज कोन्टा के निर्देशन और विजय शंकर कमांडेन्ट 217 बटालियन के नेतृत्व में आज सी/217 बटालियन, सीआरपीएफ के सालातोंग कैम्प, पुलिस थाना किस्ताराम अंतर्गत सिविक एक्शन प्रोग्राम स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें सालातोंग कैम्प के आसपास गाँव टोंडामार्का, वीरम इत्यादि में रहने वाले लगभग 350 से अधिक आदिवासी ग्रामीणों, स्कूलों के बच्चो/युवाओं एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विजय शंकर कमांडेन्ट द्वारा ग्रामीणों को उनकी आवश्यकता के अनुसार कम्बल, मच्छरदानी, छाता, साड़ियाँ, लुन्गी, गमझा, स्लीपर वितरित किये गये। ग्रामीणों छात्र एवं छात्राओं को स्कूल ड्रेस, बैग व किताबें पेंसिल इत्यादि प्रदान की गई एवं ग्रामीण युवाओं को वालीबॉल, नेट, फुटबॉल, क्रिकेट किट एवं ग्रामीण महिलाओं को बर्तन बाटे गये तथा मुफ्त चिकित्सा उपचार के लिए मेडीकल कैम्प भी लगाया गया तथा दवाईयों का वितरण किया।

इस मौके पर कमांडेंड विजय शंकर सभी ग्रामवासियों को सम्बोधन कर उन्हें उनकी सुरक्षा एवं सहायता करने का भरोसा दिलाया गया तथा ग्रामीणों को मुख्य धारा में जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी एवं उसके लाभ और उसके उपयोगिता के बारे में जानकारी दिया गया। सीआरपीएफ कैम्प होने की वजह से सरकारी कल्याणकारी योजनाएं आसानी से ग्रामीण वासियों तक पहुंच पा रही है। सड़क वह नेटवर्क की सुविधा भी ग्रामीण वासियों को प्राप्त हुई है, जिसके कारण ग्रामीण वासियों में उत्साह का माहोल देखा गया। इस अवसर पर रवि शर्मा, सहायक कमाण्डेंट, सी/217 बटालियन तथा अधिनस्थ अधिकारी व जवानों द्वारा ग्रामीणों को भोजन भी उपलब्ध करवाया गया।

## स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

# 217 बटालियन में हुए रंगारंग कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

217 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल कोंटा ने अपना 16वां स्थापना दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। कमांडेंट 217 बटालियन विजय शंकर ने क्वार्टर गार्ड पर सेरिमोनियल गार्ड द्वारा सलामी ली और अमर शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अपने

■ **बटालियन 2015 से क्षेत्र में नक्सल उन्मूलन के लिए निरंतर प्रयासरत है**

संबोधन में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के गौरवशाली स्वर्णिम इतिहास के बारे में जानकारी दी तथा वीर शहीदों को याद करते हुए कहा की जो अपने प्राणों की आहुति देकर अमर हो गए उनकी शहादत हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं जो हमें साहस, शक्ति, एवं हौसला प्रदान करती है। यह बटालियन देश की आंतरिक सुरक्षा के प्रति सजग एवं सचेत है, बल्कि सामाजिक सरोकार एवं मानवता के प्रति भी उतना ही प्रतिबद्ध है। तत्पश्चात सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें जवानों को संबोधित करते कहा कि 217 बटालियन का गठन 20 मार्च 2010 को समूह केंद्र सीआरपीएफ, पल्लीपुरम केरल में किया गया। यह बटालियन नक्सल उन्मूलन अभियानों के अंतर्गत सुकमा जिले में वर्ष 2015 से सक्रिय रूप से क्षेत्र में नक्सल उन्मूलन हेतु निरंतर प्रयासरत है।

साथ ही जवानों के कल्याणकारी योजनाओं, तनावमुक्त जीवन तथा बेहतर स्वास्थ्य एवं सराहनीय कार्य करने वाले कर्मियों को पुरस्कृत करने तथा अनुशासन के साथ कार्य करने के बारे में बताया । स्थापना दिवस पर परिसर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। सायं कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में जवानों के साथ-साथ डीएवी स्कूल कोंटा के बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बुधवार के दिन परिसर में मेले का आयोजन किया गया जिसमें जवानों द्वारा स्वयं तैयार किए गए विभिन्न खाद्य पदार्थों के स्टॉल लगाए गए, जो आकर्षण का केंद्र रहे। अधिकारियों द्वारा इन स्टॉलों का अवलोकन कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। यह आयोजन न केवल बटालियन के गौरवशाली इतिहास को स्मरण करने का अवसर बना, बल्कि आपसी एकता, मनोबल एवं सामुदायिक सहभागिता को भी सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर आनंद सिंह राजपुरोहित उप महानिरीक्षक परिचालन रेंज सुकमा, राजेश पांडे उप महानिरीक्षक परिचालन रेंज कोंटा तथा 150, 74, 159, 212, 241, 228, 2, 131 226, 50 एवं 219 बटालियनों के कमांडेंट एवं द्वितीय कमान अधिकारियों एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सुकमा, पुलिस उप अधीक्षक, कोंटा, प्रिंसिपल, डीएवी स्कूल कोंटा की उपस्थिति रही । कार्यक्रम के अंत में बटालियन में सराहनीय कार्य करने वाले कर्मियों को पुरस्कृत किया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया एवं अतिथिगणों को यादगार स्वरूप मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। कार्यकम में डॉ. अमिताव साहू ,वीरेंद्र कुमार, नीर सिंह मीणा, डॉ. मनदीप सिंह, राजा इलमप्रथी एवं अनिल पाटिल सहित अन्य राजपत्रित अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवानों ने मिलकर समारोह को यादगार बनाया।

# ग्रामीणों ने विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने की ली शपथ

## गुण्डेपुरी में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

थाना फरसेगढ़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गुण्डेपुरी में 22 मार्च को सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला बल एवं छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के जवानों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

■ **4 ग्रामों के लगभग 300 ग्रामीण कार्यक्रम में हुए शामिल**

कार्यक्रम में ग्राम गुण्डेपुरी, गुरतुल, ओडरी एवं आदवाड़ा के लगभग 300 ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर अमन कुमार लखीसरानी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस फरसेगढ़ द्वारा ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं, बच्चों की शिक्षा, रोजगार एवं स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जागरूक किया गया। साथ ही नक्सल संगठन में अभी भी सक्रिय माओवादियों को जंगलों में भटकने के बजाय अपने परिवारों के पास लौटने एवं शांतिपूर्ण जीवन अपनाकर अपने भविष्य का निर्माण करने के संबंध में अपील किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पुनर्वासित माओवादियों द्वारा भी अपने पूर्व साथियों से हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की भावुक अपील की गई। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि जंगल का जीवन एवं हिंसा का मार्ग केवल कष्ट देता है और इससे न तो व्यक्तिगत विकास होता है और न ही परिवार का भला होता है।

कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंद ग्रामीणों को आवश्यक सामग्री का वितरण भी किया गया। सिविक एक्शन कार्यक्रम में शामिल ग्रामीणों में सकारात्मक उत्साह देखा गया तथा कई ग्रामीणों ने बच्चों की शिक्षा एवं क्षेत्र के विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने की शपथ ली।

# उल्लास महापरीक्षा का अधिकारियों ने किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



बस्तर विकासखंड में आयोजित उल्लास महा परीक्षा में खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन ने माध्यमिक शाला मुंडकटियापारा, संकुल खड़का मधोता में उल्लास महा परीक्षा का अवलोकन किया। उन्होंने परीक्षा व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण और परीक्षार्थियों की उपस्थिति का सूक्ष्म निरीक्षण किया। इस अवसर पर सरपंच कुंडगुड़ा ईस्पर मंडावी, मंडल अध्यक्ष सुखदेव मंडावी, संकुल समन्वयक कृष्णा सिंह ठाकुर और विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से परीक्षा का संचालन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। साथ ही, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर सुशील कुमार तिवारी ने बस्तर ब्लॉक में उल्लास केंद्रों का निरीक्षण किया और आदर्श उल्लास केंद्र बालेंगा का अवलोकन किया। सालेमेटा 2 में सभी नवसाक्षर उपस्थित पाए गए। उन्होंने लामकेर, बड़े चकवा, चोकर, करमरी में भी आशा के अनुरूप निरीक्षण के द्वारा दौरान पाए गए।

# संगठन की मजबूती और प्रभारियों की नियुक्ति पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड/घाटलोहंगा



नगर पंचायत बस्तर में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की नवीन कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी देवचन्द्र मातलाम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

इस दौरान संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, कार्यकारिणी के विस्तार और आगामी चुनावों की रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। ला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष प्रेम शंकर शुक्ला ने कहा कि पार्टी की असली ताकत बूथ कमेटी होती है, इसलिए इसे मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय होकर अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ना होगा।

प्रभारी ने कहा कि जिला, ब्लॉक, मंडल, सेक्टर एवं बूथ स्तर पर कार्यकारिणी का गठन कर उसे शीघ्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजना है। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों को साथ लेकर संगठन को मजबूती देने की जरूरत है, तभी वर्ष 2028 में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनाना संभव होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि सेक्टर और मंडल स्तर पर तत्काल प्रभारियों की नियुक्ति की जाए तथा पंचायत स्तर पर समितियों का गठन किया जाए। साथ ही उन्होंने कार्यकारिणी में कम से कम 30 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और युवाओं को अधिक से अधिक जोड़ने पर विशेष जोर दिया। पूर्व विधायक चंदन कश्यप ने कहा कि संगठन की मजबूती बूथ, सेक्टर और मंडल स्तर पर निर्भर करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि बूथ प्रभारी नियुक्त कर जनसंपर्क बढ़ाएं और युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास करें।

### विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक धरोहर और वन मंदिर के महत्व को जाना



**बीजापुर।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत बीजापुर जिले के विकासखण्ड भैरमगढ़ के पीएमश्री रेसीडेंसियल पोर्टाकेबिन हाई स्कूल नेलसनार के विद्यार्थियों के लिए विगत दिवस एक प्रेरणादायक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को इतिहास, संस्कृति, पर्यावरण और विज्ञान को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिला। यह कार्यक्रम जिला कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन तथा जिला पंचायत सीईओ नम्रता दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने बस्तर क्षेत्र के ऐतिहासिक नगर बारसूर का भ्रमण किया। बारसूर को मंदिरों का शहर कहा जाता है जहां 10वीं, 11वीं शताब्दी में छिंदक नागवंशी शासकों की राजधानी हुआ करती थी। उस समय इसे चक्रकोट या भ्रमरकोट के नाम से जाना जाता था। यहाँ कभी लगभग 147 मंदिरों और तालाबों का समूह था जो उस समय की समृद्ध संस्कृति और स्थापत्य कला का प्रमाण है। विद्यार्थियों ने बारसूर की प्रसिद्ध जुड़वा गणेश प्रतिमाओं को देखा जो एक ही ग्रेनाइट पत्थर से निर्मित विशाल और अनूठी मूर्तियां हैं।

# पशुपतिनाथ मंदिर से गांधीनगर शिव मंदिर तक शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज : किरन्दुल



हिंदू नववर्ष और रामनवमी के उपलक्ष्य में रविवार को लौह नगरी किरंदुल पूरी तरह राममय नजर आई। हिंदू नववर्ष एवं रामनवमी आयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित भव्य शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। काशी से आए विशेष कलाकारों द्वारा प्रस्तुत मां के नौ रूपों की जीवंत झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शंखनाद और मां दंतेश्वरी की जयकारों के साथ शुरू हुआ कारवां। शोभायात्रा का आगाज शाम 5 बजे कोड़ेनार नंबर 4 स्थित पशुपतिनाथ मंदिर प्रांगण से हुआ। विधिवत पूजा अर्चना आरती के बाद गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा रवाना हुई। बंगाली कैंप चौक, हरिचंद मंदिर चौक और बस स्टैंड चौक पर भक्तों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। श्रीश्री राघव मंदिर और शीतला माता मंदिर में विशेष आरती की गई, जिसमें श्रद्धालुओं का भारी उत्साह देखने को मिला। शोभायात्रा का सबसे मनमोहक हिस्सा काशी से आए कलाकारों की टोली रही। मां के नौ अवतारों के रूप में सजे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जैसे-जैसे कारवां पुराना डबल स्टोरी चौक और हाई राइस टावर से होकर गुजरा, पूरा वातावरण 'जय श्रीराम' के नारों से गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा का समापन गांधी नगर शिव मंदिर के सामने हुआ। काशी के कलाकारों ने एक बार फिर अपनी भव्य झांकियों का प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए भारी भीड़ जुटी। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का वितरण किया गया।

### विकसित भारत-जी राम जी से संबंधित स्पर्धा की तिथियों में वृद्धि

**बीजापुर।** केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम जी अधिनियम के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा युवाओं एवं नागरिकों की रचनात्मक सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता की अंतिम तिथियों को 15 दिनों के लिए बढ़ा दिया गया है। मंत्रालय द्वारा यह निर्णय युवाओं, विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों एवं आम नागरिकों को अधिक समय प्रदान करने तथा देशभर से अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। माय जीओव्हीपोर्टल पर आयोजित लोगो डिजाइन प्रतियोगिता तथा मायभारत पोर्टल पर आयोजित राष्ट्रीय रील, वीडियो चैलेंज एवं विकसित भारत.जी राम जी क्विज कॉम्पीटिशन के माध्यम से प्रतिभागी अपने रचनात्मक विचारों, डिजिटल अभिव्यक्तियों एवं ज्ञान के जरिए ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन और आजीविका संवर्धन से जुड़े विषयों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत कर सकते हैं।

# परिवहन मंत्री ने फीता काटकर किया स्पाक टीवीएस का शुभारंभ

**बिजनेस साइट**

हरिभूमि न्यूज: जगदलपुर






टीवीएस मोटर कंपनी के बस्तर के अधिकृत मुख्य डीलर स्पाक टीवीएस का शुभारंभ सोमवार को वन एवं परिवहन मंत्री केदार कश्यप, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, चैंबर अध्यक्ष श्याम सोमानी एवं अन्य अतिथियों ने फीता काटकर किया।

अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर शोरूम से लगे ऑटोमेटेड वर्कशॉप एवं आधुनिक स्पेयर पार्ट्स काउंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि ये भविष्य का परिवहन समाधान करने वाला शोरूम है। यहां ग्राहकों को निश्चित ही सुविधाजनक अनुभव मिलेगा। मुख्य अतिथि ने स्वागत एवं सम्मान समारोह के दौरान कहा कि बस्तर अब बदल रहा है। यहां अब अत्याधुनिक तकनीक से बने वाहन गांव की सड़कों पर सरपट दौड़ रहे है जो इसके विकास को दर्शाती है। किरण देव एवं श्रीनिवास मद्दी ने कहा कि कपूर परिवार का नाम बस्तर के उद्योग जगत में बेहद सम्मान से लिया जाता है जो उनकी विश्वसनीयता के कारण है। अतिथियों ने आज प्रथम तीन वाहन क्रेताओं को नए वाहन की चाबी सौंपी और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर चैंबर के पदाधिकारी, शहर के ऑटोमोबाइल एवं अन्य उद्योगों से जुड़े व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। डायरेक्टर संजीव कपूर ने अपने उद्बोधन में सभी का स्वागत करते उनकी हौसला अफजाई के लिए आभार माना।टीवीएस कंपनी के एरिया मैनेजर अशोक महतो ने कंपनी के उत्पादों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। शो रूम में आज से ग्राहकों को उनकी पसंदीदा टीवीएस की बाइक, स्कूटर, मोपेड एवं इलेक्ट्रिक स्कूटर मिलनी शुरू हो गई। शुभारंभ त्योहार 24 व 25 मार्च तक जारी रहेगा।

युवा संचालक अक्षत कपूर ने बताया कि टीवीएस की आई क्यूब ग्राहकों को बहुत पसंद आ रही है। बीते फरवरी महीने में देश में टीवीएस आईक्यूब सबसे ज्यादा बिकने वाला इलेक्ट्रिक स्कूटर रहा। टीवीएस आईक्यूब की शुरुआती कीमत लगभग एक लाख है और इसके टॉप वेरिएंट की सिंगल चार्ज रेंज 212 किलोमीटर है।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील - लोहण्डीगुड़ा, जिला - बस्तर (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

राजस्व प्रकरण क्रमांक 01 /
मामला श्रेणी-ब-121 / 2025-26
ग्राम- गढ़िया, पटवारी हल्का नं.- 18

**विषय-** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा ग्राम गढ़िया में नवीन रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पंप) स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री योगेश कुमार बैज, पिता श्री लिबरूराम बैज, निवासी ग्राम व पोस्ट गढ़िया, तहसील लोहण्डीगुड़ा द्वारा ग्राम गढ़िया के खसरा नंबर 632 (कुल रकबा 0.16 हेक्टेयर) में से 900 वर्ग मीटर भूमि पर हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड का पेट्रोल पंप स्थापित करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त प्रस्तावित स्थल पर पेट्रोल पंप स्थापना के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो वे अपनी आपत्ति लिखित रूप में साक्ष्यों के साथ दिनांक 24/03/2026 से पूर्व न्यायालय तहसीलदार, लोहण्डीगुड़ा में स्वयं उपस्थित होकर या पंजीकृत डाक के माध्यम से दर्ज करा सकते हैं।

नियत समयावधि व्यतीत होने के पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा और यह माना जाएगा कि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। तदनुसार आगामी वैधानिक कार्यवाही पूर्ण की जाएगी।

आज दिनांक 09/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
तहसील - लोहण्डीगुड़ा
जिला - बस्तर (छ.ग.)



## खबर संक्षेप

### देवी दर्शन कर लिया आशीर्वाद



जगदलपुर। भाजपा किसान मोर्चा एवं भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के नये पदाधिकारियों ने दंतेश्वरी मंदिर में दर्शन कर आर्शीवाद लिया।

### माता हिंगलाजिन के दर्शन से अभिभूत हुए भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष



जगदलपुर। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिया ने मोर्चा के साथियों के साथ प्राचीन हिंगलाजिन माता मूल मंदिर बेड़ागांव सोनपुर पंचायत में देवी दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके प्रथम आगमन पर बस्तर जिला युवा मोर्चा सहित विभिन्न मंडल एवं पार्टी के लोगों ने स्वागत किया। बाजे गाजे के साथ मंदिर पहुंचे और नवरात्रि के पावन अवसर पर पूजा अनुष्ठान में भाग लिए। उन्होंने बैस मालगुजार परिवार के सदस्यों एवं पुजारियों से भेंट की। इस अवसर पर मंदिर के संरक्षक एवं अध्यक्ष अजय सिंह बैस ने शाल, श्रीफल, प्रसाद एवं स्मृति चिन्ह देकर युवामोर्चा अध्यक्ष एवं सदस्यों का सम्मान किया। अपने प्रवास पर अत्यंत प्राचीन एवं प्रभावशाली मंदिर दर्शन कर अभिभूत हुए । उन्होंने कहा शक्ति के इस पावन स्थल पर माता की साक्षात कृपा को अनुभव करते हुए असीम शांति, सकारात्मक उर्जा मिली। माता दर्शन की इच्छा आज पूरी हुई। उन्होंने प्रदेश की जनता की उन्नत के लिए प्रार्थना की। ज्ञात हो कि वनांचल में एक छोटे से गांव में स्थित इस रियासत कालीन मंदिर का इतिहास अत्यंत प्राचीन और गौरवशाली है । यहां देवी सती के अंग मस्तक से प्रादुर्भावित माता हिंगलाजिन के रूप स्थापित है। बस्तर एवं उड़ीसा के करीब 300 से अधिक हिंगलाजिन मंदिरों की उद्गम स्थली है । इस मंदिर के शिष्यों ने ही आसपास अन्य मंदिर स्थापित किए है। इस अवसर पर युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री कुणाल ठाकुर, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विकास दुआ जिला अध्यक्ष बस्तर अभिलाष यादव, जिला अध्यक्ष कोंडागांव नागेश देवांगन एवं युवा मोर्चा के साथी मौजूद रहे।

# कार्यकर्ताओं को निखारने भाजपा का प्रशिक्षण अभियान तेज, मंडल स्तर पर चल रहीं कार्यशालाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा कार्यकर्ताओं को निखारने, तराशने, प्रवीण व मुखर बनाने के उद्देश्य से जिले में मंडल स्तर पर लगातार प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को ग्राम आसना में सरगीपाल एवं बकावण्ड मंडल की संयुक्त प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों ने भाग लेकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि कार्यकर्ताओं के समग्र विकास के लिए सात प्रमुख विषयों का चयन किया गया है। भाजपा कार्यकर्ता सदैव कर्मठ, निष्ठावान और परिश्रमी होते हैं, और प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें और अधिक दक्ष व प्रवीण बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं और वे सरकार की योजनाओं एवं पार्टी की नीतियों को अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया ने कहा कि देवतुल्य कार्यकर्ता भाजपा की सबसे बड़ी पूंजी हैं और प्रशिक्षण वर्ग संगठन को सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने भी कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला का संचालन सरगीपाल मंडल महामंत्री संतोष बिसाई द्वारा किया गया।

## प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं को और अधिक दक्ष व प्रवीण बनाया जा रहा



### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप, बेवरेज कार्पोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी,पूर्व सांसद दिनेश कश्यप,डॉ सुभाऊ कश्यप, शेष नारायण तिवारी,टेकेश्वर जैन,श्रीनिवास मिश्रा,खेमसिंह देवांगन, रामाश्रय सिंह,रजनीश पाणिग्रही, परीस बेसरा,आर्येंद्र आर्य, नरसिंह राव,ललिता बघेल,प्रदीप देवांगन, सुब्रतो विश्वास, फूलसिंह सेठिया,रोहित त्रिवेदी,प्रकाश झा,अविनाश श्रीवास्तव, अभिलाष यादव,माहेश्वरी ठाकुर,पीताम्बर कश्यप सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मां मावली धाम में भक्तिभाव का महासागर,108 कन्याओं में दिखा देवी का स्वरूप

# चैत्र नवरात्रि पर विधि-विधान से कन्या पूजन, आस्था और श्रद्धा का संगम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर मां मावली मंदिर परिसर में श्रद्धा,भक्ति और सनातन परंपरा का अलौकिक दृश्य देखने को मिला, जहां शंकराचार्य की सेना पीठ परिषद, आदित्यवाहनी-आनंदवाहनी के तत्वावधान में चौथे वर्ष भव्य कन्या पूजन का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण वातावरण "जय माता दी" के जयघोष और वैदिक मंत्रों की गूंज से भक्तिमय हो उठा।

- पांव पखार कर ओढ़ाई गई माता की चुनरी,पूरी-खीर से कराया गया महाप्रसाद



इस पवित्र अनुष्ठान में 108 कंवारी कन्याओं को मां दुर्गा का साक्षात स्वरूप मानकर उनके चरणों का विधिवत पखार किया गया। कन्याओं के चरणों में आलता सजाया गया,मस्तक पर तिलक और बिंदी लगाकर उन्हें देवी स्वरूप अलंकृत किया गया। इसके बाद उनके सिर पर माता की चुनरी ओढ़ाकर श्रद्धापूर्वक पूजन किया गया तथा उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत आचार्य पंडित रोमितराज त्रिपाठी, पंडित चंदन तिवारी और पंडित संतोष बाजपेई के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई, जिसमें जजमान पंडित अनिल सामंत ने विधिपूर्वक गुरु वंदना एवं पूजा-अर्चना संपन्न कराई। पूजन उपरांत सभी कन्याओं को पूरे विधि-विधान के साथ पूरी-खीर एवं अन्न भोग का प्रसाद ग्रहण कराया गया,जिससे पूरे परिसर में भक्तिभाव और सेवा की अनूठी अनुभूति व्याप्त हो गई।

यह आयोजन पिछले तीन वर्षों से निरंतर किया जा रहा है और इस वर्ष चौथे वर्ष भी इसे अत्यंत भव्यता और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न किया गया। शहर के विभिन्न वार्डों से छोटी-छोटी कन्याएं अपने परिजनों के साथ इस पुण्य आयोजन में सम्मिलित होने पहुंचीं। पूर्वान्ह 11 बजे प्रारंभ हुआ यह दिव्य अनुष्ठान दोपहर 3 बजे तक अखंड रूप से चलता रहा, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही।

इस आयोजन में एल गुप्तेश्वर राव सोनी, योगेश शुक्ला, योगेश ठाकुर, राकेश साहू, दृशान चक्रवती, मृणाल मालिक, गीता शुक्ला, सतरूपा मिश्रा, बासंती सामंत, शिखा घोष, अर्चना सेंगर, महेश दास, शिव मिश्रा,पंडित अनिरुद्ध मिश्रा, योगेश मिश्रा, विपिन मिश्रा, विपिन तिवारी, अलका सेंगर, विभा सेंगर, अनिता, वंदना राठौर, आरती तिवारी सहित पीठ परिषद, आदित्यवाहनी-आनंदवाहनी के समस्त पुरुष कर्मकर्ता एवं मातृ शक्तियां उपस्थित रहीं।

## पालनार के सिविक एक्शन प्रोग्राम में ग्रामीणों को मिला उपयोगी सामान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

महानिरीक्षक छत्तीसगढ़ शालिन के मार्गदर्शन, बी. एस. नेगी डीआईजी ऑप्स बीजापुर के पर्यवेक्षण , विजेन्द्र सिंह कमांडेंट के नेतृत्व, मूल चंद द्वितीय कमान अधिकारी, अर्नथा कृष्णा जे एसएमओ-222 बटालियन एवं जवानों की उपस्थिति में 22 मार्च को पालनार में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जो आंतरिक क्षेत्रों में रहने वाली स्थानीय जनता के कल्याण एवं विकास के प्रति बल की प्रतिवद्धता कोस्थापित किया।

इस कार्यक्रम से टुंगलवाया, गुंडापारा, मदनपारा, पुनेमपारा, मटापारा, गावतापारा एवं पात्रनार सहित 8 आंतरिक बस्तियों के गरीब एवं जरूरतमंद ग्रामीण, जिनमें वृद्ध पुरुष एवं महिलाएं तथा स्कूली छात्र-छात्राएं शामिल थे लाभान्वित हुए।

कार्यक्रम में लगभग 570 ग्रामीणों की भागीदारी देखने को मिली। पात्र लाभार्थियों के बीच आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया। जिनमें जल टैंक, सोलर लाइट, लालटेन, बर्तन एवं रसोई सामग्री, पुरुषों एवं महिलाओं के लिए वस्त्र, बच्चों के लिए चप्पल, कंबल, कृषि उपकरण तथा स्कूल बैग शामिल हैं।

युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने एवं सकारात्मक गतिविधियों में संलग्न करने के उद्देश्य से फुटबॉल, वॉलीबॉल एवं क्रिकेट किट वितरित किए गए।

### स्वास्थ्य शिविर में हुआ फ्री में इलाज

इस दौरान निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. अनंता कृष्णा जे. एमएमओ द्वारा ग्रामीणों के लिए ओपीडी संचालित की गई। जिसमें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श तथा निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

## मारकेल वार्षिक मेले में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष देव का पारंपरिक रूप से किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

मारकेल में आयोजित वार्षिक मेले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की और छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं बस्तर की सुख-समृद्धि के लिए माता से प्रार्थना की।

मेला स्थल पर पहुंचने पर ग्रामवासियों ने पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार तिलक लगाकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर क्षेत्र में उत्सव और आस्था का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मेले में शामिल होकर अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करते नजर आए।



अपने संबोधन में किरण देव ने कहा कि मारकेल का यह ऐतिहासिक वार्षिक मेला बस्तर की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बस्तर में आयोजित मेला और मंडई का विशेष महत्व है, जिसमें स्थानीय कला, संस्कृति और परंपराओं का सुंदर समावेश देखने को मिलता है। उन्होंने सभी उपस्थित जनमानस को मेले की शुभकामनाएं देते हुए इस आयोजन को सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, सीमांचल दास, सरपंच जितेंद्र बाकड़ा, बलिराम, रघु सेठिया, पुजारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सामाजिक सुविधाओं को सुदृढ़ करना शासन की प्राथमिकता : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

तोकापाल ब्लॉक के विभिन्न ग्राम पंचायतों में कुल 48.50 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर विधायक विनायक गोयल मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

- तोकापाल ब्लॉक के अनेक ग्राम पंचायतों में 48 .50 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन



ग्राम पंचायत पोटानार तथा ग्राम पंचायत रान सरगीपाल में बस्तर विकास प्राधिकरण की ओर से 10 - 10 लाख रुपये की लागत से प्रार्थना स्कूल शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। साथ ही यहां 10 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य की नींव रखी गई। जो ग्रामीणों के सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए उपयोगी साबित होगा।

इसके अतिरिक्त अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि के अंतर्गत 8.50 लाख रुपये की लागत से 250 मीटर सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया। इस सड़क निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुगमता मिलेगी और क्षेत्र के विकास को मजबूती प्राप्त होगी। ग्राम पंचायत करंजी में भी बस्तर विकास प्राधिकरण के माध्यम से 10 लाख रुपये की लागत से प्रार्थना स्कूल शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

विधायक ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। शिक्षा, आधारभूत संरचना और सामाजिक सुविधाओं को सुदृढ़ करना शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से स्थानीय निवासियों को सीधा लाभ मिलेगा तथा बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्राप्त होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयसीमा में पूर्ण किए जाएं ताकि जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए विधायक एवं शासन का आभार व्यक्त किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जिला पंचायत सदस्य पदमनी कश्यप, कामदेव बघेल, निर्देश दीवान, बनवासी मौर्य, शकुंतला कश्यप, बिन्दु साहू, सम्पत्ति नाग, कांति मौर्य, जितेन्द्र पानीग्राही, जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी , उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, जिला मंत्री रैतुराम बघेल, चन्द्रकांत भण्डारी, मुन्ना कश्यप, विमल पाण्डेय, चम्पा कश्यप, सिताराम बाकड़े , संतोष मौर्य, बुधराम कश्यप एवं अन्य उपस्थित रहे।

## पुस्तक दान समाज को शिक्षित एवं सशक्त बनाने वाला महत्वपूर्ण कदम : यादव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बकावंड

विकासखंड बकावंड में पुस्तक दान अभियान का शुभारंभ 23 मार्च को ग्राम इरिकपाल से किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम के नागरिक, सरपंच संतोष कश्यप, पंचगण एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं पुस्तकों के माध्यम से ज्ञान का प्रसार करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणजन, शिक्षक एवं कर्मचारी अपने-अपने घरों से उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक पुस्तकों का दान कर रहे हैं, ताकि इन पुस्तकों का लाभ अधिक से अधिक लोगों विशेषकर बच्चों



और विद्यार्थियों को मिल सके। संग्रहित पुस्तकों को जिला स्तर पर स्थापित संग्रहालय, पुस्तकालय में रखा जाएगा। जहां से छात्र-छात्राएं एवं आमजन इनका उपयोग कर सकेंगे। यह पहल न केवल पुस्तकों के सदुपयोग को बढ़ावा देगी, बल्कि पढ़ने की संस्कृति को भी सशक्त बनाएगी। कार्यक्रम के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव ने पुस्तक दान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुस्तकें ज्ञान का अमूल्य स्रोत हैं और उनका दान समाज को शिक्षित एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। विकासखंड स्रोत समन्वयक सोन सिंह बघेल ने भी संबोधन दिया।

## शिक्षक संघ के अल्टीमेटम के बाद जारी हुई पदोनत सूची

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के नेतृत्व में शिक्षकों की लंबित पदोन्नति को लेकर उठाई गई आवाज आखिरकार रंग लाई। विगत चार वर्षों से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को लेकर संघ ने संयुक्त संचालक शिक्षा,बस्तर संभाग से महत्वपूर्ण मुलाकात कर अपनी नाराजगी दर्ज कराई थी।

संघ के प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट रूप से कहा था कि पदोन्नति में हो रही देरी से शिक्षकों में असंतोष बढ़ रहा है और यह स्थिति अब स्वीकार्य नहीं है। संघ ने 30 मार्च तक पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी थी कि निर्धारित समयसीमा में कार्रवाई नहीं होने पर 31 मार्च को आंदोलन किया जाएगा।

## देवी दर्शन कर मोर्चा के पदाधिकारियों ने सेवा का लिया संकल्प



जगदलपुर। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों की परिचयात्मक बैठक आज जिला कार्यालय में आयोजित की गयी। बैठक में जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए जिले में संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी के कार्यों को आमजन के बीच पहुंच कर पूरा करने की बात कही।

बैठक उपरांत नवनियुक्त पदाधिकारियों ने मांई दंतेश्वरी मंदिर में दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया। जिलाध्यक्ष नीलाम्बर सेठिया ने कहा कि जिले में पिछड़ा मोर्चा सक्रियता से कार्य करेगा और सभी को साथ लेकर पार्टी के कार्यक्रमों को आमजन से जोड़ कर जमीनी स्तर पर लेकर जायेंगे। उन्होंने संगठन के वरिष्ठों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस दौरान जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्रही, परीस बेसरा, उपाध्यक्ष लखीधर बघेल, नरसिंह ठाकुर, मनोहर सेठिया, राजेश ओकले, राधेश्याम पटेल, महामंत्री संतोष ठाकुर, मनोज ठाकुर, विनायक बेहरा, कमलेश विश्वकर्मा, शंकर राव सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद थे।

## कान्यकुब्ज वैश्य गुप्ता समाज की भव्य शोभायात्रा से गुंजायमान हुआ शहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

आस्था, उत्साह और परंपरा के अनूठे संगम के साथ रविवार को कान्यकुब्ज वैश्य गुप्ता समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे शहर को भक्तिमय वातावरण में रंग दिया। दोपहर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ टेकरी वाले हनुमान मंदिर में जुटने लगी, जहां महाभंडारे के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की शुरुआत को धार्मिक गरिमा प्रदान की।

- टेकरी हनुमान मंदिर से मां दंतेश्वरी मंदिर तक निकली शोभायात्रा



शाम करीब 4 बजे जैसे ही शोभायात्रा टेकरी मंदिर से रवाना हुई, केसरिया ध्वजों, ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के साथ समाज के लोग उत्साहपूर्वक झूमते नजर आए। यात्रा पैलेस रोड, संजय मार्केट और चांदनी चौक जैसे प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए आगे बढ़ी, जहां विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं और व्यापारियों ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। पूरे मार्ग में "जय श्री राम" और "हनुमान जी की जय" के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। देर शाम शोभायात्रा का समापन मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में हुआ, जहां सामूहिक आरती के साथ क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की गई। आयोजन में समाज के बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे आयोजन और भी आकर्षक एवं भव्य बन गया।